# HGH INDIA® 2019

HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

**Post-Show Report**

A TEXZONE Event

**Where business feels at home!**

## भारतीय होम बिज़नेस
# प्रगतिशील

एचजीएच इंडिया २०१९, होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स के लिए भारत के सबसे बड़े ट्रेड शो के ८वें वार्षिक संस्करण का मुंबई में ५ जुलाई, २०१९ को सफलतापूर्वक समापन हुआ। एक बार फिर यहां आने वाले एक्ज़ीबिटर्स और विज़िटर्स ने अपने-अपने बिजनेस में बेहद शानदार नतीजे हासिल करने की सूचना दी।


ट्रेड शो से पहले मुंबई में भारी बारिश के बावजूद, एचजीएच इंडिया २०१९ में पूरे भारत के ५०० शहरों और कस्बों से ३५,९०० ट्रेड विज़िटर्स (+२.९%) ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने-अपने कारोबार को गंभीरता से लेने वाले ये सभी ट्रेड बायर्स यहां ३२ देशों के ७०० ब्रांडों और मैन्युफैक्चरर्स (+१५%) के प्रोडक्ट्स को जानने और उनकी सोर्सिंग के लिए आए थे। एचजीएच इंडिया २०१९ में डिज़ाइन, कलर्स, मटेरियल्स और उपयोग में इनोवेशन चर्चा के मुख्य बिंदु थे। मुंबई में भारी बारिश के कारण शो की शुरुआत में एक दिन की देरी के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में एक्ज़ीबिटर्स और विज़िटर्स की मौजूदगी, तथा दोनों के लिए बिज़नेस में बेहद शानदार नतीजों से पता चलता है कि अलग-अलग ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स, रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंपोर्टर्स और इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए यह ट्रेड शो काफी मायने रखता है। इंडस्ट्री और ट्रेड से जुड़े सभी लोगों ने बाढ़ रूपी कुदरती कहर से तुरंत निपटने में एचजीएच इंडिया २०१९ का समर्थन किया और इसकी सराहना की, साथ ही अगले ही दिन से सामान्य रूप से बिजनेस जारी रहा।




एचजीएच इंडिया २०१९ में रजिस्ट्रेशन एरिया का एक दृश्य

एचजीएच इंडिया २०१९ का आयोजन तीन हॉल में किया गया था, और प्रत्येक हॉल में विशेष कैटेगरी के होम टेक्सटाइल्स एवं फर्निशिंग, होम डेकोर एवं गिफ्ट्स तथा हाउसवेयर की प्रदर्शनी लगाई गई थी। विज़िटर्स ने एक्जीबिटर्स की ओर से प्रोडक्ट्स के लिहाज से स्पष्ट विभाजन की खूब तारीफ की, क्योंकि इससे उन्हें अपनी सोर्सिंग जरूरतों के अनुरूप विशेष प्रोडक्ट्स पर फोकस करने में मदद मिली। एक्ज़ीबिटर्स के नजरिए से देखा जाए, तो इस तरह विभाजन से यहां मौजूद हर कैटेगरी के प्रोडक्ट की विज़िबिलिटी बढ़ी और इसने विज़िटर्स का ध्यान आकर्षित किया।

एक्ज़ीबिटर्स ने यहां फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टन्स, बेड शीट एंड टॉवेल्स, मैट्रेसेस, ब्लाइंड्स, कार्पेट्स एंड फ्लोर कवरिंग्स, डेकोरेटिव मेड-अप्स, वॉलपेपर, हैंडीक्राफ्ट्स, फ्रेगरेंस एंड स्पा प्रोडक्ट्स, आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स एंड ग्रास और डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, क्रॉकरी, टेबलवेयर, स्टोरेज, प्लास्टिक, किचनवेयर, किचन एप्लायंसेस, कुकवेयर, होम एप्लायंसेस, गिफ्ट्स, जनरल हाउसवेयर, ट्रैवल गुड्स, क्लीनिंग एंड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स, बेबीज़ एंड किड्स प्रोडक्ट्स, आउटडोर और कैंपिंग के सामानों के साथ-साथ होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर प्रोडक्ट्स के लेटेस्ट रेंज का प्रदर्शन किया।




एचजीएच इंडिया ने एक्ज़ीबिटर्स को महज तीन दिनों की अवधि में अपने नए डिज़ाइन्स, इनोवेशंस और प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज को प्रदर्शित करने तथा उन्हें पूरे भारत से यहां आने वाले डीलर्स एवं रिटेलर्स के साथ कारोबार करने में सक्षम बनाया। भारत के डोमेस्टिक होम प्रोडक्ट्स के बाज़ार के विकास में बड़े पैमाने पर योगदान के लिए इस ट्रेड शो को सम्मान की नजर से देखा जाता है। यह भारतीय चैनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, ट्रेड, इंस्टीट्यूशनल बायर्स तथा होम इंटीरियर सेगमेंट के प्रोफेशनल्स के साथ मैन्युफैक्चरर्स, ब्रांड्स और इंपोर्टर्स की दीर्घकालिक व्यापारिक साझेदारी को बढ़ावा देने वाला मंच है। होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, स्मॉल फर्नीचर, हाउसवेयर एवं गिफ्ट सेक्टर्स की इंटरनेशनल कंपनियां भी अब एचजीएच इंडिया को भारत में ज्यादा संभावनाओं वाले प्लेटफॉर्म के साथ-साथ अनुभवी

**इनोवेशन्स ▪ ट्रेंड्स ▪ प्रोडक्ट्स ▪ स्रोत ▪ अवसर**

# ३२ देशों के अलावा पूरे भारत के ८० से ज्यादा बड़े शहरों के एक्ज़ीबिटर्स

डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंपोर्टर्स, ब्रांड के प्रतिनिधियों और बिज़नेस पार्टनर्स के साथ जुड़ने के लिए एक आदर्श और संजीदा मंच के रूप में स्वीकार कर रही हैं।

तीन दिनों के इस ट्रेड शो के आयोजन की तिथि पहले २-४ जुलाई, २०१९ निर्धारित थी, लेकिन शिड्यूल में बदलाव के बाद इसका आयोजन ३-५ जुलाई, २०१९ के दौरान किया गया।

**बिज़नेस में बेहतर नतीजे**

एचजीएच इंडिया २०१९ के उद्घाटन के दौरान, मुख्य अतिथि, श्री शांतमनु, डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडीक्राफ्ट्स, मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स, गवर्मेंट ऑफ इंडिया, ने एचजीएच इंडिया की तारीफ करते हुए कहा कि यह भारत के सबसे बेहतरीन ट्रेड शो में से एक है, तथा इसके बेहद प्रोफेशनल एवं कारोबारी माहौल की प्रशंसा की।

३२ देशों के अलावा पूरे भारत के ८० से ज्यादा बड़े शहरों एवं उत्पादन केंद्रों के एक्ज़ीबिटर्स की मौजूदगी में, एचजीएच इंडिया २०१९ में इंडियन डोमेस्टिक मार्केट पर पूरी तरह फोकस करते हुए विभिन्न क़िस्मों के होम प्रोडक्ट्स को प्रस्तुत किया गया। सार्क देशों के अलावा अफ्रीका, मिडिल-ईस्ट, फार-ईस्ट और चाइना सहित २८ देशों के लगभग १५० इंटरनेशनल बायर्स ने एचजीएच इंडिया २०१९ में भाग लिया। उनका मकसद भारत और अन्य देशों से ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग करना था। इंडियन और इंटरनेशनल विज़िटर्स यहां के प्रोडक्ट्स की क्वालिटी, डिज़ाइन और कीमतों से संतुष्ट थे और उनका कारोबार काफी अच्छा रहा।

इंटरनेशनल और इंडियन एक्ज़ीबिटर्स ने महसूस किया कि, एचजीएच इंडिया में भागीदारी की वजह से उनके लिए भारतीय बाज़ार में प्रवेश करना आसान और प्रभावी हो गया है। उनमें से ८०% ने बताया कि, इस ट्रेड शो से उन्हें अपने डिस्ट्रीब्यूशन एवं रिटेल नेटवर्क का विस्तार करने तथा सही बिज़नेस पार्टनर चुनने में मदद मिली है। ९०% से ज्यादा एक्ज़ीबिटर्स ने देश भर में अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं डीलर्स के नेटवर्क के लिए अपने नए कलेक्शन को बेहद किफायती तरीके से लॉन्च करने के लिए इस मंच को सबसे उपयुक्त माना। कई एक्ज़ीबिटर्स ने अपने नए प्रोडक्ट-लाइन्स को परखने के लिए एचजीएच इंडिया का सहारा लिया, जबकि दूसरों ने इस शो के जरिए अपनी नई ट्रेड स्कीम्स की शुरुआत की। कई बड़े ब्रांड्स ने बताया कि, अब एचजीएच इंडिया उनके वार्षिक बिज़नेस योजना का हिस्सा बन चुका है।

पहली बार भाग लेने वाले लगभग १५० एक्ज़ीबिटर्स अपनी पहली भागीदारी की कामयाबी से बेहद उत्साहित थे। उनमें से लगभग ८०% ने अगले एडिशन में अपनी भागीदारी जारी रखने की इच्छा जताई।



एचजीएच इंडिया २०१९ में इंटरनेशनल एक्ज़ीबिटर्स

विज़िटर्स के अनुसार एचजीएच इंडिया ने सोर्सिंग को उनके लिए बहुत सुविधाजनक और किफायती बना दिया है, क्योंकि वे एक ही मंच पर अपने मौजूदा और नए वेंडर्स तक

**इंटरनेशनल ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स की मौजूदगी में लगातार बढ़ोतरी**

पहुंचने में सक्षम थे। बड़े-बड़े भारतीय एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स के साथ-साथ पहली बार भाग लेने वाले नए ब्रांड्स, उभरते स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइज़ेस, हैंडीक्राफ्ट्स मैन्युफैक्चरर्स तथा प्राइवेट लेबल सप्लायर्स की एक ही छत के नीचे मौजूदगी से उन्हें प्रोडक्ट्स और उनकी कीमतों की तुलना करने में मदद मिलती है; वे मर्चेंडाइज़िंग के ढेर सारे विकल्पों पर गौर कर सकते हैं और इसके साथ-साथ नई अपॉर्चुनिटीज़ का लाभ उठा सकते हैं। एचजीएच इंडिया का सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि यहां ढेर सारे देशों के इंटरनेशनल ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स की मौजूदगी में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली, और उनके अनुसार इस ट्रेड शो की बेहतरीन क्वालिटी तथा शानदार कारोबारी माहौल की वजह से यह संभव हुआ है।

एचजीएच इंडिया में इंटीरियर डिज़ाइनर्स, कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स, गिफ्ट सप्लायर्स तथा इंस्टीट्यूशनल बायर्स की संख्या लगातार बढ़ी है और उन्होंने इसे बेहद इनोवेटिव और ट्रेंड्स के अनुरूप प्रोडक्ट्स का बेहतरीन सोर्स बताया, जो उन्हें नए-नए विचारों के लिए प्रेरित करते हैं।

एक्ज़ीबिटर्स के साथ-साथ विज़िटर्स में लगातार बढ़ोतरी तथा साल-दर-साल प्रोडक्ट्स की क्वालिटी में सुधार, एचजीएच इंडिया के बढ़ते महत्त्व को साबित करते हैं। अब इसे फैशन एवं मार्केट ट्रेंड्स की जानकारी देने, बड़े पैमाने पर सोर्सिंग सॉल्यूशन उपलब्ध कराने और बिजनेस की नए-नए मौके प्रस्तुत करने वाले साधन के रूप में स्वीकार किया जाता है। एचजीएच इंडिया २०१९ इंटरनेशनल एवं भारतीय ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स, हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम सेक्टर्स, कारीगरों को एवं शिल्पकारों को समान अवसर उपलब्ध कराता है, ताकि वे अपने पूरे भारत से यहां आने वाले रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, होलसेलर्स, इंस्टीट्यूशनल बायर्स, इंटीरियर डिज़ाइनर को अपने-अपने प्रोडक्ट्स तथा सर्विसेज बेच सकें।

**इंटरनेशनल एक्ज़ीबिटर्स**

एचजीएच इंडिया २०१९ में भारत के अलावा ३२ देशों के लगभग १५० ब्रांड्स एवं मैन्युफैक्चरर्स ने सीधे तौर पर या फिर भारत में मौजूद अपने मार्केटिंग अथवा डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स के सहयोग से अपने-अपने प्रोडक्ट्स को प्रस्तुत किया।

चाइना की सबसे मजबूत भागीदारी थी। झेजियांग ब्रॉड इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्ज़िबिशन कंपनी लिमिटेड की ओर से मुख्यतः झेजियांग प्रांत के लगभग ७० चाइनीज़ मैन्युफैक्चरर्स एवं एक्सपोर्टर्स के भागीदारी की व्यवस्था की गई, जिन्होंने बॉटल्स एवं फ्लास्क, हाउसहोल्ड स्टोरेज, किचनवेयर, कुकवेयर, ग्लासवेयर, लगेज, क्लीनिंग एंड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स, जनरल हाउसवेयर, ब्लाइंड्स, वॉलपेपर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, होम टेक्सटाइल्स और गिफ्ट्स जैसे ढेरों प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज का प्रदर्शन किया। इन एक्ज़ीबिटर्स ने बताया कि इंडियन रिटेलर्स तथा एक्सपोर्टर्स ने उनके प्रोडक्ट्स में काफी दिलचस्पी दिखाई और एचजीएच इंडिया २०१९ में भागीदारी से उनके बिज़नेस को काफी अच्छे नतीजे मिले।

तुर्की, यूएसए, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, इटली, यूके, ग्रीस, कोरिया, ताइवान, यूएई, बांग्लादेश, थाईलैंड, श्रीलंका जैसे देशों के अन्य इंटरनेशनल एक्ज़ीबिटर्स की ओर से स्टोरेज, ग्लासवेयर, कुकवेयर, किचनवेयर, किचन अप्लायंसेस डिनरवेयर, प्लास्टिक, हैंगर, जनरल हाउसवेयर, फर्निशिंग फैब्रिक्स, मैट्रेसेस, फाइबर्स, वॉलपेपर्स, वुडन फ्लोरिंग्स, आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स एंड ग्रास, सिंथेटिक फ्लोरिंग्स, मशीन-मेड रग्स तथा कार्पेट डेकोरेटिव एक्सेसरीस और इसी तरह के ढेरों प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन किया गया। वे अपनी भागीदारी से बेहद संतुष्ट थे और उन्होंने माना कि उनके प्रोडक्ट्स के लिए भारतीय मार्केट में मौजूद संभावनाएं उम्मीद से बेहतर थी। इनमें से कई एक्ज़ीबिटर्स ने भारतीय बाज़ार के लिए लंबे समय तक कायम रहने वाले इंपोर्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स की पहचान की।

बिजनेस में इस तरह की कामयाबी के बाद, कई इंटरनेशनल एक्ज़ीबिटर्स तो पहले ही एचजीएच इंडिया २०२० में अपनी भागीदारी की घोषणा कर चुके हैं।

**भारतीय एक्ज़ीबिटर्स**

पिछले आठ सालों से, एचजीएच इंडिया कई भारतीय ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स को पूरे भारत के रिटेलर्स, होलसेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के सामने अपने-अपने प्रोडक्ट रेंज को प्रदर्शित करने का अवसर देते हुए भारतीय बाजार के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। इसने भारतीय एक्सपोर्टर्स को भी होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर और हाउसवेयर के तेजी से बढ़ते भारतीय डॉमेस्टिक मार्केट में प्रवेश करने तथा अपना




# पूरे भारत के ५०० शहरों और कस्बों से आने वाले ३५,९०० सीरियस ट्रेड विज़िटर्स

# बेहतरीन क्वालिटी वाले मैट्रेसेज में ढेरों इनोवेशंस

ब्रांड बनाने में मदद की है।

एचजीएच इंडिया के आठवें एडिशन में, ५५० रेग्यूलर तथा नए भारतीय एक्ज़ीबिटर्स ने आने वाले त्यौहारों और सर्दियों के मौसम के लिए अपने डिज़ाइन इन्नोवेशंस एवं नए-नए प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन किया। ख़ासतौर पर पहली बार भाग लेने वाले एक्ज़ीबिटर्स ज्यादा उत्साहित थे, क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर के मार्केट से तुरंत जुड़ने का मौका मिल रहा था। भारतीय एक्ज़ीबिटर्स की ओर से हर कैटेगरी में प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज का प्रदर्शन किया गया, जिसमें बेड एंड बाथ, फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टन्स, ब्लाइंड्स, रग्स एंड कार्पेट्स, विनाइल एंड वुडन फ्लोरिंग, वॉलपेपर, आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, ग्रास एंड फ्रेग्रेन्स, हैंडीक्राफ्ट, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, कुकवेयर, किचनवेयर, किचन अप्लायंसेज, टेबलवेयर, स्टोरेज, प्लास्टिक वेयर, स्टेन्लेस स्टील हाउसवेयर तथा जनरल हाउस वेयर और इसी तरह के अन्य प्रोडक्ट्स को पहली बार प्रदर्शित किया गया। इस ट्रेड शो ने भारतीय मार्केट में बिजनेस की संभावनाओं, प्रोडक्ट, मार्केट तथा डिज़ाइन ट्रेंड्स को सही मायने में दर्शाया। लगातार आठवें साल एक्ज़ीबिटर्स की संख्या में बढ़ोतरी से यह साबित हो गया कि, होम प्रोडक्ट्स के लिए इंडियन डॉमेस्टिक मार्केट के दरवाजे खोलने में एचजीएच इंडिया की बहुत बड़ी भूमिका है। हर कैटेगरी के एक्ज़ीबिटर्स श्रेणी के लिए बिजनेस के नतीजे काफी अच्छे रहे।

### होम टेक्सटाइल्स

भारत में होम टेक्सटाइल की मांग हर साल १५-२०% की दर से बढ़ रही है, जिससे मौजूदा और नए रिटेलर्स के लिए अवसरों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, जयपुर, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद और इसी तरह के भारत के ५०० शहरों एवं कस्बों से जगदीश स्टोर्स, भारत फर्निशिंग्स, स्किपर, सरप्राइज, ड्रेप्स एवेन्यू, अशोक फर्निशिंग्स, दर्पण, प्राइड, एमए जैकब, ड्रीम्स, केजल्स जैसे बड़े-बड़े स्पेशलिटी स्टोर्स ने अपने प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग के लिए एचजीएच इंडिया २०१९ में भाग लिया। होम टेक्सटाइल्स की जिन कैटेगरी ने सबका ध्यान आकर्षित किया, उनमें फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टन्स एंड ब्लाइंड्स, बेड शीट्स, बेड सेट्स, मैट्रेसेज़ एंड पिलोज, टॉवल्स, बाथ मैट्स, बाथ एक्सेसरीस, डेकोरेटिव मेड-अप्स, रग्स एंड कार्पेट्स, टेबल एंड किचन लिनन शामिल थे - और इन सभी का प्रदर्शन हॉल १ में किया गया।




### मैट्रेसेस एंड स्लीप प्रोडक्ट्स

इस साल एचजीएच इंडिया में १९ से ज्यादा बड़े ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स ने स्प्रिंग, मेमोरी फोम, कॉयर तथा अन्य किस्मों के बेहतरीन क्वालिटी वाले मैट्रेसेस और पिलोज में कई इनोवेशंस के साथ अपने-अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया। भारत में रेडीमेड मैट्रेसेस की मांग साल दर साल दोगुनी हो रही है, और पिछले ५ सालों से हर दिन नए-नए प्रोडक्ट्स, नए ब्रांड्स और नई रेंज का भारतीय बाज़ार में प्रवेश हो रहा है। रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंस्टीट्यूशनल बायर्स और इंटीरियर डिज़ाइनर्स के लिए इस डायनेमिक सेगमेंट के साथ तालमेल बरक़रार रखना बेहद जरूरी है।

एचजीएच इंडिया २०१९ ने विज़िटर्स को कई बड़े ब्रांड्स की ओर से किए गए इनोवेशंस तथा नवीनतम प्रगति को समझने में मदद की, जिसमें कर्ल-ऑन, स्प्रिंगफिट, ड्यूरोफ्लेक्स, किंग कॉयल, सेंचुरी और नीलकमल जैसे ब्रांड्स शामिल हैं। इसके अलावा, मेमॉयर, कॉयरफ़िट, डॉ. बैक, रेपोज़, रिलैक्सवेल, मैजेंटा, स्लीपमैक्स जैसे मशहूर रीजनल एवं प्रगतिशील ब्रांड्स ने भी खुद को नेशनल लेवल पर लाने के उद्देश्य से अलग-अलग मार्केट सेगमेंट्स के लिए मैट्रेसेस और पिल्लोव्स की पूरी रेंज का प्रदर्शन किया।

इसकी लगातार बढ़ती अहमियत को देखते हुए, एचजीएच इंडिया २०२० के दौरान स्लीप टेक्नोलॉजी की थीम के तहत इस सेगमेंट का विशेष प्रचार किया जाएगा।

### फर्निशिंग फैब्रिक्स

एचजीएच इंडिया २०१९ में भी सबसे बड़े प्रोडक्ट सेगमेंट के रूप में फर्निशिंग फैब्रिक्स का स्थान बरक़रार रहा, जिसमें ४२ से ज्यादा एक्ज़ीबिटर्स शामिल हुए। इस कैटेगरी के कई मशहूर नेशनल ब्रांड्स ने यहां नए कैटलॉग के साथ-साथ रनिंग लेंथ फैब्रिक्स के रूप में अपने लेटेस्ट कलेक्शन को लॉन्च किया। डीडेकोर, डीसीटेक्स, ऍफ़ एंड ऍफ़, रुमर्स, न्यू कैसल, के सी फैब्रिक्स, जय दुर्गा, वी एंड जे, जेम कलेक्शंस, रिलाएबल ड्रैप्स, झायना, प्रेतफेब, फैब्रिक इंजिन, लक्सर, वाया (यूटीएम) जैसे मशहूर भारतीय ब्रांड्स ने वर्ष २०१९/२० के रिटेल सीजन के लिए कर्टन, ड्रैपरी, अप्होल्स्टरी एंड डेकोरेटिव फैब्रिक्स के अपने नए कलेक्शन को लॉन्च किया। आई.एफ.आई (ग्रीस), डिज़ाइनर्स गिल्ड (यूके), ज़िमर + रोहड (जर्मनी), कैसामैन्स (फ्रांस), हार्लेक्विन (यूके), माइक्रोफ़ाइबर्स (यूएसए), सर्टेक्स (तुर्की) जैसे मशहूर इंटरनेशनल ब्रांड्स भी या तो सीधे या फिर अपने भारतीय डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स के माध्यम से यहां उपस्थित थे।

### बेड एंड बाथ

भारत में बेचे जाने वाले सभी होम टेक्सटाइल्स सेगमेंट में बेड-शीट सबसे बड़ा है तथा भारत के कुल रिटेल सेल्स में इसकी हिस्सेदारी ५०% है। एचजीएच इंडिया २०१९ के दौरान इस सेगमेंट के ४० से ज्यादा एक्ज़ीबिटर्स मौजूद रहे, जिनमें बॉम्बे डाइंग, ट्राइडेंट, डी'डेकोर, मैस्पर, माइक्रो कॉटन, बेला कासा, बोनेहुर, डीसीटेक्स, सैसन, बियांका, कैप्स, मार्क-होम और फ्लोरिडा जैसे कई बड़े ब्रांड्स शामिल हैं। स्टाइला और सॉफ्टवीव जैसे ब्रांड्स ने अपने प्रोडक्ट इनोवेशंस तथा ट्रेंड के लिए नए-नए डिज़ाइन पेश किए। इसके अलावा मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, लुधियाना, पानीपत, जयपुर, कोयम्बटूर, करूर और कुन्नूर के कई बड़े मैन्युफैक्चरर्स की ओर से या तो पहली बार इंडियन डॉमेस्टिक मार्केट में अपने ब्रांड्स को लॉन्च किया या फिर रिटेलर्स एवं स्थापित ब्रांडों को प्राइवेट लेबल मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं की पेशकश की।

डॉबी, जेकक्वार्ड और साटन स्ट्रिप आदि में सामान्य तौर पर किए जाने वाले प्रिंट,







**फर्निशिंग फैब्रिक्सः एचजीएच इंडिया में सबसे बड़े प्रोडक्ट सेगमेंट के रूप में इसका स्थान बरक़रार रहा**

# कर्टन्स की तुलना में ब्लाइंड्स ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं

एंब्रॉयडरी, पर्केल्स और वुवन डिज़ाइनों की बड़ी रेंज के अलावा डिजिटल प्रिंट, तथा हाइ-परफॉर्मेंस बेड शीट्स, जैसे कि फ्रेगरेंस, एंटी-बैक्टीरिया, गिफ्ट पैक, बच्चों के डिज़ाइन, लाइसेंस वाले कैरेक्टर, इत्यादि इस सेगमेंट में पहली बार शामिल किए गए थे।

### टेबल एंड किचन लिनन

टेबल एंड किचन लिनन फिलहाल इंडियन होम प्रोडक्ट्स मार्केट के सबसे छोटे सेगमेंट्स में से एक है, और ऐसा भारतीय परिवारों में कुकिंग एवं डाइनिंग की सदियों से चली आ रही परंपराओं की वजह से है। हालांकि वेस्टर्न लाइफ़स्टाइल से प्रभावित लोगों, ख़ासतौर पर युवाओं एवं शहरी कंस्यूमर्स के बीच इस सेगमेंट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एचजीएच इंडिया २०१९ में, मुंबई से बियांका, विनमार्क एवं कुणाल एंटरप्राइजेस, दिल्ली से मैस्पर और चेन्नई से चेन्नई होमटैक्स की ओर से गिफ्ट्स पैक सहित टेबल एंड किचन लिनन के ब्रांडेड रेंज को यहां प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, यहां करूर की ओर से हैंडलूम और पावरलूम से बने टेबल एवं किचन लिनन के इंडियन रेंज का भी प्रदर्शन किया गया। साथ ही हॉल २ और हॉल ३ में चाइना के कई एक्ज़ीबिटर्स द्वारा लैमिनेटेड टेक्सटाइल्स, पीवीसी एवं कोटेड फैब्रिक्स में मिट्न्स, टेबल कवर, प्लेस मैट, टेबल लिनन और किचन लिनन की कम रखरखाव लागत वाली रेंज को प्रस्तुत किया गया।

### डेकोरेटिव मेड-अप्स

भारतीय कंज्यूमर्स अपने लिविंग स्पेस को डेकोरेटिव बनाने के लिए अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए मेड-अप्स की ओर आकृष्ट हो रहे हैं, जिससे इनकी घरेलू मांग हर साल २०-२५% की दर से बढ़ रही है।

कुशन, कुशन कवर, कर्टन्स, ब्लाइंड्स, बेड कवर, डुवेट कवर, क्विल्ट्स, थ्रोज़, कंफर्टर्स, शम्स, बोलस्टर्स, सोफा कवर, कॉर्ड्स, टैसल्स और अन्य डेकोरेटिव होम टेक्सटाइल्स जैसे डेकोरेटिव मेड-अप्स में बेहतरीन क्वालिटी के प्रोडक्ट एवं अनगिनत डिज़ाइनों और किस्मों के उत्पादन के लिए भारत पूरी दुनिया में बेहद मशहूर है। दुनिया भर में नियमित तौर पर एक्सपोर्ट के जरिए इंटरनेशनल मार्केट में अपनी पहचान बनाने वाले कई बड़े ब्रांड्स सहित कुल ६१ एक्ज़ीबिटर्स ने अपने बेहद क्रिएटिव रेंज के प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन किया। यहां के प्रमुख एक्ज़ीबिटर्स में अन्ना सिमोना (टेक्सट्रेड), मैस्पर, लूम (शबरी इंटरनेशनल), हाउस ऑफ इंसास, वेरिजा, टेक्स एन' क्राफ्ट (टेक्सस्टाइल्स), बियांका, पैन ओवरसीज़, गोपालस, सैप्रोज, एलिगेंट वीवर्स, होम प्लस रिटेल, जयकृष्ण, आयडम (ग्रासिम जन सेवा ट्रस्ट) जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। एचजीएच इंडिया २०१९ के माध्यम से इंडियन रिटेलर्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनर्स को वाकई वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए गए।

### कार्पेट्स एंड फ़्लोर कवरिंग्स

**इंडियन रिटेलर्स को सही मायने में वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए गए**

इस कैटेगरी का तेजी से विकास हो रहा है, और यहां कई ब्रांड्स, मैन्युफैक्चरर्स तथा इंपोर्टर्स सहित कुल ३७ एक्ज़ीबिटर्स ने अपने-अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन किया। फंक्शनल फ़्लोर कवरिंग्स में वुडन फ़्लोरिंग, विनाइल फ़्लोरिंग, सिंथेटिक कार्पेट्स, आर्टिफिशियल ग्रास तथा कार्पेट टाइल्स शामिल थे। एचजीएच इंडिया में इस प्रोडक्ट कैटेगरी के कुछ बड़े ब्रांड्स में हेगो, क्रोनोटेक्स, रोज़ेटा, मार्कोपोलो, मानव एक्सिम, सुपर ग्रास, फोर वॉल्स, एचवीटी, इंटीरियर एंड मोर तथा हेरिटेज मौजूद थे। इन कैटिगरीज़ में डोमेस्टिक प्रोडक्शन काफी कम है, इसलिए मांग के एक बड़े हिस्से की पूर्ति इंपोर्ट्स के ज़रिए होती है।

दूसरी ओर, आज के मॉडर्न कंस्यूमर्स के बीच होम डेकोर के एक बेहतरीन घटक के रूप में कार्पेट्स एवं एरिया रग्स की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। लक्ज़री एवं बेहतरीन रग्स की उपलब्धता की वजह से बाज़ार में इस कैटेगरी का प्रतिवर्ष ३०-३५% की दर से विकास हो रहा है। कश्मीर के प्योर सिल्क और सिल्क ब्लेंडेड कार्पेट्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, हालांकि ज्यादातर विज़िटर्स ने इन्हें रिसेलिंग के लिहाज से महंगा पाया। दूसरे देशों से मशीन-मेड कार्पेट्स की एक बड़ी रेंज उपलब्ध कराने वाले कुछ प्रमुख एक्ज़ीबिटर्स में तुर्की, बेल्जियम, ईरान, इजिप्ट और चाइना जैसे देशों से अब्सेशन, डिवाइन, क्वालीन, कारपेट्स बाय आरकेएस, हाफ़िज़िया और ऑनेक्स शामिल थे।

डोमेस्टिक मार्केट में अव्वल दर्जे के हैंड-नॉटेड और हैंड-टफ्टेड रग्स एवं कार्पेट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीइपीसी) की ओर से एचजीएच इंडिया में सातवीं बार अपने १९ सदस्यों की सामूहिक भागीदारी की व्यवस्था की गई। सीइपीसी के जरिए अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करने वाले ज्यादातर एक्ज़ीबिटर्स यहां हुए कारोबार से काफी खुश थे। ऑस्कर एक्सपोर्ट्स और ओवरसीज़ कार्पेट्स जैसे कुछ भारतीय मैन्युफैक्चरर्स ने भी किफायती मशीन-मेड कार्पेट्स के माध्यम से बड़े पैमाने पर मांगों को पूरा किया। कश्मीर के प्योर सिल्क और सिल्क ब्लेंडेड कार्पेट्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, श्रीनगर (J&K) की तरफ से भी दूसरी बार अपने ८ सदस्यों की सामूहिक भागीदारी का आयोजन किया गया, जिन्होंने हाथों से बने सिल्क कार्पेट्स, शॉल आदि प्रदर्शित किए।

### होम डेकोर

इस साल एचजीएच इंडिया २०१९ में होम डेकोर की कैटिगरी में २५% की वृद्धि हुई है, जो स्पष्ट रूप से भारत में ब्लाइंड्स, वॉलपेपर, रग्स एंड कार्पेट्स, वुडन एंड विनाइल फ़्लोरिंग, आर्टिफिशियल ग्रास, आर्टिफिशियल एंड नेचुरल फ्लॉवर्स, फ्रेगरेंस, डेकोरेटिव कैंडल्स, हैंडीक्राफ्ट, डेकोरेटिव एक्सेसरीस, डेकोरेटिव लाइट्स और इसी तरह के ढेरों प्रोडक्ट्स के बढ़ते बाजार का संकेत है। कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स के बीच भी होम डेकोर के प्रोडक्ट्स काफी लोकप्रिय हो रहे हैं, और वे एचजीएच इंडिया २०१९ में कई नए प्रोडक्ट्स तथा नए-नए सोर्सेस का पता लगा सकते हैं। वाकई पूरे शो के दौरान यह सबसे ज्यादा विविधतापूर्ण प्रोडक्ट्स की कैटेगरी में से एक था, जिसमें फिग्यूरीन, आर्टफैक्ट, आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स जैसे कई प्रोडक्ट्स की अनगिनत किस्में शामिल हैं।

कश्मीर, जयपुर, जोधपुर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, लखनऊ, भुज, आगरा, राजकोट, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई जैसे शहरों के भारतीय एक्ज़ीबिटर्स ने यहां हाथों और मशीन से बने डेकोरेटिव आइटम्स के बेहद शानदार रेंज को प्रस्तुत किया। बेल्जियम, यूके, जर्मनी, इटली, फ्रांस, नीदरलैंड्स, स्पेन, यूएसए, कोरिया, सिंगापुर, चाइना, ताइवान, वियतनाम और यूएई के इंटरनेशनल मैन्युफैक्चरर्स एवं ब्रांड्स ने भी सीधे या फिर अपने भारतीय पार्टनर्स के जरिए वॉलपेपर, फ़्लोर कवरिंग्स, और डेकोरेटिव एक्सेसरीस की रेंज का प्रदर्शन किया।

### ब्लाइंड्स

ये पहले से ही ऑफिस विंडो को कवर करने के लिए पसंदीदा विकल्प बन चुके हैं, साथ ही भारतीय घरों का आकार छोटा होता जा रहा है और बेहद कम जगह लेने की वजह से कर्टन्स की तुलना में ब्लाइंड्स ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं। आजकल कस्टमर अपने घरों के ऑटोमेशन में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं इसलिए इस प्रोडक्ट सेगमेंट में मोटर का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। भारत के प्रमुख ब्रांड, डीडेकोर ने एचजीएच इंडिया २०१९ में अपने बिल्कुल नए रेंज को बाजार में उतारा। इसके अलावा टोसो (जापान), फॉरेस्ट (नीदरलैंड), सोम्फी (फ्रांस),









## कार्पेट्स और मॉडर्न फ़्लोर कवरिंग्स लगातार पॉपुलर हो रहे हैं

# वॉलपेपर्स: एचजीएच इंडिया में सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे कैटेगरीज़ में से एक है







पेन्कौल (यूएई), स्पेस को. (कोरिया), जैसे मशहूर इंटरनेशनल ब्रांड्स तथा चाइना के शीआनझोंग, लांक्सी बोलॉन्ग, ए-ओके और झेजियांग देसेंगलोंग जैसे बड़े मैन्युफैक्चरर्स भी यहां मौजूद थे। साथ ही एनबीटी, नोवा, डेको विंडो, टच ब्लाइंड्स, शेड्स, वियन्टो और काझागे जैसे भरतीय ब्रांड्स ने भी यहां ब्लाइंड्स की अपनी नई रेंज का प्रदर्शन किया।

**वॉलपेपर्स**

भारत में होम डेकोर की कैटिगरी में वॉलपेपर्स का सबसे तेजी से विकास हो रहा है, जिसकी मांग प्रतिवर्ष लगभग ७५% की दर से बढ़ रही है। इकॉनामी, मिड एवं हायर-एंड के साथ-साथ हर श्रेणी के कंस्यूमर्स बड़ी तेजी से पेंट्स, पॉलिश और इसी तरह के अन्य वॉल-फिनिश को छोड़कर वॉलपेपर को अपनाने लगे हैं। ऑल इंडिया वॉल पेपर कवरिंग एसोसिएशन (एआईडब्लूए) की ओर से हॉल २ में अपने २० सदस्यों के साथ एक बड़े एआईडब्लूए पैवेलियन की व्यवस्था की गई। उनके द्वारा अपने प्रीमियम एवं इकोनॉमिकल प्रोडक्ट्स की रेग्यूलर रेंज के अलावा प्रेग्रेन्ट वॉलपेपर्स, ग्लोइंग वॉलपेपर्स, ३-डी वॉलपेपर्स का प्रदर्शन किया गया। एचजीएच इंडिया-२०१९ में भाग लेने वाले बड़े ब्रांड्स में मार्शल्स, एक्सेल वॉल इंटिरियर्स, एच एंड एच वॉल कवरिंग्स, एडोर्निस, एलजी, एटको, आर्टिज़न फर्निशिंग्स, इनडिज़ाइन, श्रॉफ ट्रेडिंग, यूडीसी इम्पेक्स, इत्यादि शामिल हैं। भारत में वॉलपेपर्स के क्षेत्र में मार्केट लीडर होने के नाते इनमें से अधिकांश कंपनियों की ओर से कई नए कलेक्शंस को बाजार में उतारा गया।



**डेकोरेटिव एक्सेसरीज़**

भारत में दिन-प्रतिदिन डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ की मांग बढ़ती ही जा रही है, क्योंकि यह कमरे के रंग-रूप को तेजी से और किफायती ढंग से बदलने का बेहतरीन साधन है। वे न केवल घर को सजाने में सहायक होते हैं, बल्कि कमरे के कुछ हिस्सों को मन चाहे तरीके से अधिक स्पष्ट बनाते हैं। एचजीएच इंडिया २०१९ में प्रदर्शित किए गए डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ में म्युरल्स, वाज़ेस, फिग्यूरिन्स, आर्टफैक्ट्स, टेबल टॉप्स, क्लॉक्स, कैंडल स्टैंड, फोटो फ्रेम्स, मैगज़ीन रैक्स, बॉक्सेस तथा इसी तरह के अन्य प्रोडक्ट्स शामिल थे।

**हाउसवेयर**

एचजीएच इंडिया में हाउसवेयर सेगमेंट में भी लगातार वृद्धि नज़र आ रही है। इस कैटेगरी के प्रदर्शनी की व्यवस्था एक बड़े हॉल, यानी हॉल ३ में की गई थी। आमदनी में बढ़ोतरी के साथ-साथ हाउसवेयर के सभी सब-कैटेगरीज़ में भारतीय उपभोक्ताओं की मांग हर साल २०-२५% की दर से बढ़ रही है। नए स्पेशियलिटी रिटेलर्स ने विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग की, जिसमें किचनवेयर, टेबलवेयर, कुकवेयर, किचन अप्लायंसेज, होम अप्लायंसेज से लेकर सिक्योरिटी, बाथ एक्सेसरीज, प्लास्टिक स्टोरेज, मेंटेनेंस, क्लीनिंग एंड हाइजीन और आउटडोर एंड गार्डन प्रोडक्ट्स शामिल थे। खरीदारी के संबंध में उपभोक्ताओं की बदलती आदतों के कारण एक बिल्कुल नया ट्रेंड नज़र आया, जिसमें रिटेल लेवल पर हाउसवेयर प्रोडक्ट्स को होम डेकोर एवं होम टेक्सटाइल्स के साथ इंटीग्रेट किया गया था, जिससे होम टेक्सटाइल्स और होम डेकोर रिटेलर्स के बीच होमवेयर की मांग बढ़ी।

**कुकवेयर**

सेहत के प्रति बढ़ती जागरूकता, सुविधा, आराम तथा होम फैशन ट्रेंड्स से प्रेरित भारतीय उपभोक्ताओं भी अब बेहतर क्वालिटी एवं इंटरनेशनल स्टैंडर्ड वाले प्रेशर कुकर, फ्राइंग पैन, किचन अप्लायंसेस और कुकवेयर की पूरी रेंज की मांग कर रहे हैं। मेइयर, बर्गनर, कोर्कमाज़, विनोद स्टील, यूनाइटेड एकता, ओके कुकवेयर, स्टाल, महाराजा, बोरोसिल, ब्रिलिएंट, नोल्टा, एवन, जगदंबा, भलारिया, सम्राट एवं ग्लेयर जैसे ब्रांड्स ने सिरेमिक कोटेड, इंडक्शन कुकिंग से लेकर मल्टी-लेयर, नॉन-स्टिक और स्टेनलेस स्टील कुकवेयर तक कई तरह के इनोवेशन पेश किए। इसके अलावा, हॉल ३ में रशिया के एक कुकवेयर मैन्युफैक्चरर तथा चाइना के छह कुकवेयर मैन्युफैक्चर्स की ओर से कुकवेयर प्रोडक्ट्स की वाइड रेंज को पेश किया गया।

**किचनवेयर एंड किचन एप्लायंसेज**

भारत के लोग जैसे-जैसे अपने किचन में अधिक शहरी और इंटरनेशनल कुकिंग स्टाइल को अपना रहे हैं, उनके द्वारा इंटरनेशनल और मॉडर्न किचनवेयर एवं किचन एप्लायंसेस के वाइड रेंज का उपयोग भी उसी दर से बढ़ रहा है। वाटर प्यूरीफायर्स, स्टीमर्स, टी केटल्स और कॉफ़ी मेकर से लेकर मिक्सर, हैंड ब्लेंडर्स, ग्राइंडर्स, जूसर्स, टोस्टर्स, सैंडविच मेकर्स, माइक्रोवेव अवन, इंडक्शन स्टोव, कुकिंग रेंज, फूड वार्मर्स, राइस कुकर्स, इलेक्ट्रिक अवन एंड ग्रिल्स, तथा आइसक्रीम मेकर जैसे मॉडर्न किचन अप्लायंसेस एवं ऑटोमेशन आजकल भारतीय घरों का बड़ी तेजी से हिस्सा बन रहे हैं।

एचजीएच इंडिया २०१९ के दौरान बोरोसिल, बलेटी, कॉफ़ीवर्क्स, मेलिट्टा, हारियो, विनोद, स्काईलाइन, ब्रिलियंट, रॉक्स जैसे ब्रांडों के अलावा कुछ चाइनीज़ मैन्युफैक्चरर्स द्वारा भी किचन एप्लायंसेस की पूरी रेंज को प्रस्तुत किया गया, जिसकी वजह से यह इस कैटेगरी में विविधतापूर्ण और कंप्रिहेंसिव सोर्सिंग फोरम बन गया।

**प्लास्टिक्स एंड स्टोरेज**

भारत में प्लास्टिक किचन स्टोरेज, फूड स्टोरेज एवं टिफिन कैरियर, बॉटल्स, किचनवेयर, डस्टबिन, स्मॉल फर्नीचर, हाउसहोल्ड एक्सेसरीस, क्लीनिंग एंड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स तथा जनरल हाउसवेयर का बाज़ार प्रतिवर्ष १५-२०% की दर से बढ़ रहा है। बेहतरीन क्वालिटी, अच्छी डिज़ाइन एवं ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की मांग भी बढ़ रही है, जिसकी वजह से मैन्युफैक्चरर्स एवं ब्रांड्स धीरे-धीरे डिज़ाइन एवं स्टाइल्स में इनोवेशन की ओर बढ़ रहे हैं। इस संकेत को समझते हुए, एचजीएच इंडिया २०१९ में इस कैटेगरी में पहली बार पॉलीसैट, रतन, सिग्नेरावेयर, टूवेयर, मेनेट्टी और पिनेकल जैसे बड़े ब्रांड्स की एंट्री हुई।

**हाउसवेयर की सब-कैटेगरीज़ में इंडियन कंज्यूमर्स की मांग हर साल २०-२५% की दर से बढ़ रही है**

विज़िटर्स ने हॉल ३ में मौजूद इस सेगमेंट से रिटेलिंग, इंस्टीट्यूशनल बाइंग, कॉर्पोरेट




## कुकवेयर: सेहत, सुविधा, आराम तथा फैशन से प्रेरित

# गिफ्ट्स: प्रमोशनल नहीं, बल्कि इमोशनल गिफ्ट्स मार्केट पर ज्यादा फोकस

गिफ्टिंग के साथ-साथ प्रमोशनल आइटम्स के रूप में इंडियन एवं इंटरनेशनल प्रोडक्ट्स की वाइड रेंज से अपने पसंदीदा सामानों का चयन किया।

**गिफ्ट्स**

भारत में गिफ्ट्स का मार्केट दुनिया में सबसे बड़ा है, जिसका आकार ३० बिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा है। एचजीएच इंडिया २०१९ में होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर, होम एक्सेंट और फैशन एक्सेसरीस जैसी




कैटेगरी में हाई क्वालिटी वाले, ब्रांडेड गिफ्ट प्रोडक्ट्स उपलब्ध थे। एचजीएच इंडिया इमोशनल नहीं, बल्कि प्रमोशनल गिफ्ट्स मार्केट पर ज्यादा फोकस करता है। हॉल २ में होम डेकोर सेक्शन में गिफ्ट बॉक्स, रैपर, रिबन जैसे उपयुक्त गिफ्ट पैकेजिंग सॉल्यूशंस के साथ-साथ डेकोरेटिव एक्सेसरीस के रूप में गिफ्टिंग सॉल्यूशंस की पूरी रेंज उपलब्ध थी, जिसमें वैसेस, क्लॉक्स, टेबल टॉप, हैंडीक्राफ्ट, डेकोरेटिव ग्लासवेयर, बैग्स इत्यादि शामिल हैं। कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए वॉच बॉक्स, ज्वेलरी बॉक्स, ट्रे, बार सेट, बैग्स, वॉलेट्स, तथा इसी तरह के कई लेदर प्रोडक्ट्स उपलब्ध थे।

## Indian heritage

HANDICRAFTS | KHADI | COIR | JUTE

### हैंडीक्राफ्ट ▪ कार्पेट ▪ खादी ▪ कॉयर ▪ जूट

एचजीएच इंडिया ने दूसरे साल भी भारतीय हैंडीक्राफ्ट्स, कारीगर और कॉटेज सेक्टर को पूरे जोर-शोर से बढ़ावा देने का काम जारी रखा, जिसे डेवलपमेंट कमिश्नर, हैंडीक्राफ्ट्स, मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स, गवर्मेंट ऑफ इंडिया का समर्थन प्राप्त हुआ। इंडियन हेरिटेज ज़ोन में नेशनल अवार्ड जीतने वाले कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा टेक्सटाइल ब्लॉक प्रिंटिंग, टेराकोटा पॉटरी, मेटल क्राफ्टिंग, वुड कार्विंग और लाख क्राफ्टिंग में अपनी अनोखी कारीगरी का प्रदर्शन किया गया, तथा एचजीएच इंडिया द्वारा प्रायोजित प्रदर्शनी में विज़िटर्स ने काफी दिलचस्पी दिखाई। कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीइपीसी) की ओर से हैंड-नॉटेड और हैंड-टफ्टेड रग्स एवं कार्पेट्स बनाने वाले अपने मेंबर्स की भागीदारी की व्यवस्था की गई, साथ ही उनके द्वारा हैंड-नॉटेड कार्पेट्स का लाइव डेमोंसट्रेशन भी किया गया। इपीसीएच, एचएमसीएम, सीइपीसी, कोहैंड्स, केव्हीसीआई, एनएसआईसी, एनइएचएचडीसी, एमएचएचडीसी जैसे विभिन्न सरकारी संगठनों के सहयोग से हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, हैंडमेड कार्पेट्स, कॉयर,







जूट, खादी, केन एवं बैम्बू जैसे सेक्टर्स को इंडियन हेरिटेज की छतरी के नीचे लाते हुए, एचजीएच इंडिया २०१९ ने एक बार फिर दिखा दिया कि वह इन सेक्टर्स की मदद करने की अपने वादे पर कायम है तथा मार्केटिंग के बेहतर प्रयासों के जरिए मूल्य-वृद्धि और राष्ट्रीय ब्रांड निर्माण में क्षेत्र की बेहतरीन संभावनाओं का एहसास है।












एचजीएच इंडिया ने २०१९-२० के लिए होम फैशन ट्रेंड्स की भविष्यवाणी की, जिसमें बियॉन्ड शेप्स-यूनिवर्सल फ्यूचर के ओवरऑल थीम के तहत अगले साल के लिए अलग-अलग कलर्स, डिजाइन्स, मैटेरियल्स तथा स्टाइल्स के बारे में अग्रिम जानकारी दी गई।

इंडियन डोमेस्टिक मार्केट के लिए ख़ासतौर पर डिज़ाइन किए गए इन ट्रेंड्स को चार सब-ग्रुप्स में बांटा गया- फ़्लाइट ऑफ़ फ़ैंसी; द फ्लैन्यूर; जूसी बीट्स और ट्राइबल सफारी। विज़िटर्स एवं एक्ज़ीबिटर्स को एचजीएच इंडिया के ट्रेंड्स से काफी खुशी हुई और उन्होंने इसे अपने प्रोडक्ट डेवलपमेंट तथा होम प्रोडक्ट्स की सभी कैटेगरी में नए कलेक्शन की डिज़ाइनिंग और सोर्सिंग के लिए बेहद फायदेमंद पाया।

इन ट्रेंड्स को शानदार तरीके से सजाए गए ट्रेंड्स पवेलियन तथा एक बेहतरीन क्वालिटी वाले ट्रेंड बुक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। विज़िटर्स एवं एक्ज़ीबिटर्स को अपने प्रोडक्ट्स की बेहतर सोर्सिंग तथा डिज़ाइनों की बेहतर मार्केटिबलिटी के संदर्भ में ये ट्रेंड्स काफी फायदेमंद लगे। उन्हें ट्रेंड्स पवेलियन में मौजूद ऑडियो गाइड और अन्य गतिविधियां बेहद पसंद आई, जिससे उन्हें ट्रेंड्स को अच्छी तरह समझने में मदद मिली।

ट्रेंड्स के बारे में ज्यादा जानकारी बियॉन्ड शेप्स के नाम से प्रकाशित ट्रेंड बुक २०१९-२० में उपलब्ध है।

## २०१९-२० के लिए होम फैशन ट्रेंड्स फोरकास्ट

# विज़टर्स और एक्ज़ीबिटर्स ने समान रूप से बेहद संतुष्टि जाहिर की

## चीफ गेस्ट



**श्री शांतमनु,** आईएएस
डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडीक्राफ्ट्स
मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स,
गवर्मेंट ऑफ इंडिया

"एचजीएच इंडिया ने पिछले आठ सालों से लगातार स्पष्ट एवं निरंतर प्रगति को दर्शाया है। हमारी तरह उन्होंने भी हमेशा कारीगरों, शिल्पकारों, कार्पेट वीवर्स, और हैंडीक्राफ्ट वर्कर्स पर विशेष ध्यान दिया है। इस तरह के ट्रेड शो से उन्हें एक्सपोज़र में मदद मिलती है। इंडस्ट्री के बड़े-बड़े नामों को एक ही मंच पर एक साथ देखकर उन्हें मौजूद संभावनाओं को अच्छी तरह समझने में मदद मिलती है। एचजीएच का अर्थ होम डेकोर, गिफ्ट्स एंड हाउसवेयर है, लेकिन मेरे लिए इसका मतलब 'हायर, गो हायर' है।"

## एक्ज़ीबिटर्स के कमेंट्स



**ध्रुव अग्रवाल**
मैनेजिंग डायरेक्टर,
स्टाल

यह शो वाकई अनोखा है। पिछले २ सालों में मैंने इसका तीन गुना विस्तार देखा है। यहां हमें अपने कस्टमर्स के साथ-साथ देशभर से हर तरह के संभावित कस्टमर्स - डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं रिटेलर्स से मिलने का अवसर मिला है। हमें खरीदारों को अपने ब्रांड को दिखाने के लिए इतना अच्छा मौका कहीं नहीं मिलता है। स्टाल के लिए तो यह शानदार है- यानी एक प्रीमियम प्रोडक्ट के लिए एक प्रीमियम शो!



**अमित गुप्ता**
डायरेक्टर मार्केटिंग,
वेरिज़ा

"हम लगातार पांच सालों से एचजीएच इंडिया में भाग ले रहे हैं और हमारे विचार से यह नए ब्रांड को लॉन्च करने के लिए एकदम सही प्लेटफॉर्म है। एचजीएच इंडिया में ही वेरिज़ा को लॉन्च किया गया था, और तब से इसकी जर्नी बेहद शानदार रही है। हमें यहां बेहतरीन टीम स्पिरिट देखने को मिला, ख़ासकर जिस तरह से ऑर्गेनाइजर्स ने एक दिन में बाढ़ पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की। इसमें सभी ने सहयोग दिया और पूरी इंडस्ट्री एकजुट हो गई।"



**पीयूष पारेख**
डायरेक्टर, आर्टिपिलर

"एक ट्रेड शो के रूप में एचजीएच इंडिया २०१९ सबसे बेहतरीन रहा है। टीम का काम वाकई तारीफ़ के क़ाबिल है जिन्होंने विज़िटर्स के लिए यहां आने से जुड़ी परेशानियों को दूर किया, तथा हम अगले साल इसके और सफल होने की कामना करते हैं। हम २०१६ से एचजीएच इंडिया में भाग ले रहे हैं, और तब से हमें काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।"



**जैकब जॉर्ज**
डायरेक्टर,
एसबीयू वेस्ट, ड्यूरोफ्लेक्स

हम पहली बार एचजीएच इंडिया में प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें बेहद शानदार रिस्पॉन्स मिला। हम सामान्य तौर पर कई इंटरनेशनल ट्रेड शो में भाग लेते हैं। यह उनके स्टैंडर्ड के बिल्कुल अनुरूप है। एचजीएच इंडिया २०१९ से मैं सचमुच बेहद खुश हूँ!



**हेन्स वैन एकेन**
जनरल एक्सपोर्ट मैनेजर,
फॉरेस्ट ग्रुप, नीदरलैंड

"बारिश और बाढ़ के बावजूद, पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा कस्टमर्स नज़र आए। एचजीएच इंडिया अपने सामानों की मार्केटिंग के लिए बेहतरीन जगह है। पिछले छह सालों में, अनुभव के साथ यह और भी बेहतर हो गया है। एचजीएच इंडिया की वजह से पूरे भारत के कस्टमर्स हमारे प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी मांगते हैं, और इस ट्रेड शो के कारण हमारा ब्रांड इंडियन मार्केट में पहले से बड़ा और मजबूत हो गया है।"



**गौरव सुरेखा,** डायरेक्टर,
एसेन्ट डेकोर प्राइवेट लिमिटेड

"कुदरत के कहर पर काबू पाने और बेहतर नतीजे देने के लिए एचजीएच इंडिया की टीम ने कड़ी मेहनत की। मैं इस शो को समय पर शुरू करने के लिए उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करता हूँ। उनके जज़्बे को सलाम है, क्योंकि उन्होंने इसे सफल बनाया साथ ही हमें ट्रैक पर रखने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।"



**रजनीश अरोरा,** वाइस चेयरमैन,
डिसीटेक्स फर्निशिंग

"हम लगातार आठ सालों से इसमें भाग ले रहे हैं और मैंने हर साल एचजीएच इंडिया की प्रगति को देखा है! यहां ७०० एक्ज़ीबिटर्स को देखकर मैं बहुत खुश हूँ। लोग अब नए-नए विचारों, इनोवेशन एवं लेटेस्ट ट्रेंड्स के स्रोत तथा इंडस्ट्री की वर्तमान दिशा के लिए एचजीएच इंडिया पर भरोसा करते हैं। मुझे एचजीएच इंडिया २०२० का बेसब्री से इंतजार है।"



**अभिनव महाजन**
डायरेक्टर, मैस्पर

एचजीएच इंडिया २०१९ में हमें शानदार रिस्पॉन्स मिला और यहां आने से हमारा कस्टमर बेस भी काफी बढ़ गया है। इसकी वजह से हमने काफी प्रगति की है। एचजीएच इंडिया की बदौलत ही हम रिटेलर्स तक अपनी पहुंच बना पाए हैं और अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे हमें यहां दोबारा वापस आने की प्रेरणा मिलती है।



**इब्रु बायरामोग्लू**
हेड ऑफ ग्लोबल बिजनेस डेवलपमेंट, होम एंड इंटीरियर टेक्सटाइल्स, लेंज़िंग

एचजीएच इंडिया में आने का अनुभव बेहद शानदार है। यहां हमें भारतीय मार्केट को समझने का मौका मिलता है, और यह मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। हम अपने वैल्यू चैन पाटनर्स के जरिए न केवल इंडियन कंज्यूमर्स को सप्लाई करते हैं, बल्कि अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों को एक्सपोर्ट करने वाले इंडियन प्रोड्यूसर्स के जरिए इंटरनेशनल मार्केट में भी सप्लाई करते हैं।



**संजना अरोरा**
बिजनेस हेड, ब्लाइंड्स एंड रिटेल
डोमेस्टिक, डीडेकोर

निजी तौर पर, मुझे पहली बार एचजीएच इंडिया में भाग लेने का अनुभव मिला है और यहां हुए कुल कारोबार ने मुझे काफी प्रभावित किया है। शो काफी आनंददायक रहा। हमें यहां भारत के अलग-अलग हिस्सों, खासतौर पर टियर २ और टियर ३ बाजारों से आने वाले बायर्स से बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला है। कई आर्किटेक्ट्स ने हमसे बातचीत की और ब्लाइंड्स के हमारे लेटेस्ट रेंज में दिलचस्पी दिखाई। एचजीएच इंडिया भारत का इकलौता ऐसा शो है जो सभी भागीदारों को एक छत के नीचे लाता है, और यही इसकी सबसे बड़ी ख़ासियत है।



**करण शर्मा**
डायरेक्टर, मार्शल्स

एचजीएच इंडिया में हम नियमित रूप से प्रदर्शन करते रहे हैं। यह बात इस ट्रेड शो में हमारे भरोसे को साबित करती है। यहां हम अच्छा बिजनेस करते हैं। जब ढेर सारे ट्रेड विज़िटर्स हमारे प्रोडक्ट रेंज की तारीफ़ करते हैं और बुकिंग करते हैं, तो इससे हमारा आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। हमें यहां हर बार प्रदर्शन करना अच्छा लगता है, क्योंकि यहां हम अपने पुराने डीलरों से साल में एक बार मुलाकात कर पाते हैं। यह शो मार्शल्स ब्रांड के प्रति जागरूकता पैदा करने में मददगार है और इसे इंपोर्टर्स से अलग करता है। यह सबसे अच्छी बात है!



**उमेश गुप्ता**
डायरेक्टर, बर्गनर ऑस्ट्रिया

एचजीएच इंडिया में हम सही मायने में संभावित ग्राहकों से मिलते हैं और उनसे बातचीत करते हैं। नए-नए रास्ते सामने आ रहे हैं। वाकई यह सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म है! हम भारतीयों के लिए हेल्दी किचन के प्रस्ताव के साथ आए हैं। दरअसल हेल्दी किचन जीने का स्वस्थ तरीका है और इस तरह हम भारतीय समाज में अपना योगदान देंगे।

**७-१० जुलाई, २०२० बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर, गोरेगांव (ईस्ट), मुंबई**

# एचजीएच इंडिया २०२०: इनोवेशंस की भरमार




इस साल के एडिशन को मिली शानदार कामयाबी के बाद, एचजीएच इंडिया अपने नौवें वार्षिक संस्करण के साथ वापस आने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एक्ज़ीबिशन सेंटर में ७-१० जुलाई, २०२० के आयोजित यह ट्रेड शो ४ दिनों तक जारी रहेगा। ज्यादा जानकारी और अपडेट के लिए www.hghindia.com देखें।

एचजीएच इंडिया प्लस ... इस नए इनीशिएटिव से बिज़नेस पर ज्यादा गंभीरता से फोकस करने में मदद मिलेगी। इसके जरिए एक्ज़ीबिटर्स पहले दिन, यानी ७ जुलाई को बड़े बायर्स के साथ बिज़नेस पर चर्चा कर पाएंगे। इस दिन केवल एचजीएच इंडिया प्लस के मेंबर्स को ही एंट्री दी जाएगी। सभी रेग्यूलर विज़िटर्स ८-१० जुलाई, २०२० के दौरान यहां विज़िट कर पाएंगे।

स्मॉल फ़र्नीचर को दिखाने के लिए एक विशेष हॉल की व्यवस्था की गई है, जो डेकोर को और निखारता है तथा हाउस की फंक्शनैलिटी बढ़ाता है।

स्लीप टेक्नोलॉजी भी ऐसी ही एक कैटेगरी है जिस पर ज्यादा फोकस होगा, जहां विज़िटर्स मैट्रेसेज एवं पिलोज जैसे स्लीप प्रोडक्ट्स में ग्लोबल इनोवेशंस तथा टेक्नोलॉजी से जुड़े ट्रेंड्स से अवगत होंगे।

एचजीएच इंडिया २०२० में स्मार्ट कुकिंग पर भी ख़ास ध्यान दिया जाएगा। कुकिंग को तेज, सेहतमंद, एनवायरनमेंट-फ्रेंडली और ज्यादा सुविधाजनक बनाने वाले कुकवेयर, किचन टूल्स और किचन अप्लायंसेज की मांग को पूरा करने की कोशिश की जाएगी। इसमें मॉडर्न और कन्वेंशनल टेक्नोलॉजी का ब्लेंड शामिल होगा।

इसके अलावा अगले एडिशन में स्वच्छ भारत भी एक फोकस एरिया होगा। इसके तहत भारतीय घरों को स्वच्छ, सेहतमंद एवं ज्यादा हाइजीनिक बनाने तथा एनवायरनमेंट की रक्षा में मदद करने वाले इनोवेशंस का शुभारंभ किया जाएगा और ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी।

## विज़िटर्स के कमेंट्स



**जी. पी. तिरोडकर**

वाइस प्रेसिडेंट-टेक्निकल,
एडोनिस लेबोरेटरीज प्रा. लि.

"मैं पिछले चार सालों से एचजीएच इंडिया में विज़िट कर रहा हूँ। यह बेहद अच्छा और काफी ऑर्गेनाइज़्ड है। यहां अलग-अलग तरह के इनोवेटिव प्रोडक्ट्स तथा एक्ज़ीबिटर्स को देखने का अनुभव बेहद शानदार है। मेरे लिए तो यह हमेशा से एक स्पेशल इवेंट रहा है, तथा हर एडिशन के साथ यह और बेहतर हो जाता है। अब तो मुझे एचजीएच इंडिया २०२० का इंतजार है।"



**दीपक निर्मल**

जनरल मैनेजर- जनरल मर्चेंडाइज़
बाइंग एंड मर्चेंडाइज़िंग,
आदित्य बिरला रिटेल लि.

एचजीएच इंडिया में मैं चौथी बार विज़िट कर रहा हूँ। रिटेलर्स को नेशनल एवं रीजनल वेंडर्स से सोर्सिंग का बेहतरीन अवसर मिलता है, और यही बात मुझे यहां खींच लाती है।



**सुलेमान हिरानी**

पार्टनर, दर्पण फर्निशिंग्स

भारी बारिश के बावजूद इस इवेंट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए मैं एचजीएच इंडिया टीम को बधाई देना चाहूंगा। मैं जयपुर और जोधपुर के कई नए मैन्युफैक्चरर्स से मिला। यहां जिस तरह से बूथ लगाए गए वह मुझे काफी पसंद आया; वे बेहद आकर्षक हैं। नए वेंडर्स और सप्लायर्स के साथ बातचीत करने से मुझे बहुत फायदा हुआ है, और एचजीएच इंडिया के बगैर उनसे मिल पाना शायद संभव नहीं था।



**शालिनी टंडन**

कस्टमर केयर एसोसिएट एंड ट्रेडिंग मैनेजर- बाइंग एंड मर्चेंडाइज़िंग - शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड

हर साल मेरा उत्साह और बढ़ जाता है। मैं तो कहूंगी कि यहां समय देना मेरे लिए हमेशा फायदेमंद रहा है, और इस बार भी ऐसा ही हुआ है। इस साल भी यहां बहुत सी नई घटनाएं हुई हैं। एचजीएच इंडिया २०२० में स्वच्छ भारत के प्रचार के बारे में जानकर मुझे काफी खुशी हुई, क्योंकि हमारे होम-स्टोर में क्लीनलीनेस सेक्शन पहले से मौजूद है जहां हम ढेर सारे क्लीनलीनेस आइटम्स बेचते हैं। अगर एचजीएच इंडिया इसमें हमारी मदद करने और हमारा मार्गदर्शन करने में सक्षम है, तो इसे ऐसा क्यों नहीं करना चाहिए? यह हमारे स्टोर्स और हमारे कस्टमर्स के लिए एक बेहतरीन सेक्शन बनने जा रहा है।



**शालू झाला**

चीफ मैनेजर- ब्रांड एंड मार्केटिंग-
रिलायंस रिटेल लि.

हर बार यहां आने पर मुझे नई-नई चीजें देखने को मिलती हैं। एचजीएच इंडिया रिटेलर्स की जरूरतों के साथ-साथ नए बाजारों की अहमियत को भी समझता है। यह उनके बिजनेस की जरूरतों को समझता है और बाजार के हर सेगमेंट की मांग को पूरा करता है। मैंने अब तक जितने भी ट्रेड शो देखे हैं, उनमें यह सबसे सफल और प्रगतिशील है।



**विनोद खंडेलवाल,**

जनरल मैनेजर - हेड, हाउसहोल्ड बाइंग एंड ई कॉम बिजनेस,
@होम - नीलकमल लि.

२०१२ में एचजीएच इंडिया के पहले एडिशन से ही मैं यहां आ रहा हूँ। एक बायर के तौर पर मुझे हमेशा लगेगा कि कुछ तो कमी है, लेकिन मैंने इस शो को हर साल बड़ा होते हुए देखा है, और दूसरे देशों में भी इसकी मौजूदगी का दायरा बढ़ा है। एचजीएच इंडिया ब्रांडों के एक बेहतरीन स्पेक्ट्रम को कवर करता है, और निश्चित तौर पर आने वाले सालों में नए-नए ब्रांड्स इससे जुड़ेंगे।



**गौरव खत्री**

पार्टनर, बिग इंपोर्ट्स एंड गिफ्ट्स

"एचजीएच इंडिया सबसे बेहतरीन और वर्सेटाइल शो है। मैं शुरुआत से ही यहां का रेग्यूलर विजिटर रहा हूँ और प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज यहां उपलब्ध होती है। मेरे विचार से इस शो के आयोजन का तरीका तारीफ़ के काबिल हैं।"



**प्रकाश वी. पाठक,** पार्टनर,
बोनिटो ब्यूटीफुल फर्निशिंग्स

"२०१२ में एचजीएच इंडिया के पहले एडिशन के बाद से मैं यहां आने वाले सबसे पुराने विज़िटर्स में से एक हूँ। यह ट्रेड शो बेहद शानदार है। मैं पुणे से हर साल यहां आता हूँ ताकि मैं इसकी लगातार बढ़ती अहमियत का साक्षी बन सकूं। हर साल नए प्रोडक्ट्स प्रस्तुत किए जाते हैं। हमारे पास यहां ढेर सारे ऑप्शन उपलब्ध हैं, और वे सभी बेहतरीन हैं। एनुअल इनोवेशंस वाकई प्रशंसनीय हैं।"

